## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–04.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांगा जवाब, दिया चार हफ्ते का समय।
2. जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों की जांच के लिए डीजीपी ने गठित की एसआईटी, सीआईडी ने दर्ज की प्राथमिकी।
3. ईपीएफओ की केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली शुरू, अब लोग किसी भी बैंक से प्राप्त कर सकेंगे, अपनी पेंशन।
4. रांची समेत राज्यभर में कड़ाके की ठंड का सिलसिला जारी, लगातार तीसरे दिन कई जिलों में 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा तापमान।
5. हॉकी इंडिया लीग में तमिलनाडु ड्रैगन्स ने वेदांता कलिंगा लांसर्स को शूटआउट में हराया, महिला एचआईएल के लिए आज से शुरु होगा टीमों का रांची पहुंचना।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जवाब मांगा है। मामले से संबंधित याचिका पर सुनवाई के दौरान श्री सोरेन की ओर से ईडी के जवाब पर प्रति उत्तर दाखिल करने के लिए अदालत से समय देने का आग्रह किया गया। अदालत ने आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की है।

*******************

जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा–2023 में गड़बड़ी के आरोप में सीआईडी ने दो केस दर्ज किये हैं। पहला केस रांची पुलिस से टेकओवर करने के बाद दर्ज किया गया है जबकि दूसरा जेएसएससी की शिकायत पर दर्ज किया गया है। इस बीच मामले की जांच के लिए डीजीपी सह सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी का नेतृत्व सीआईडी की डीआईजी संध्या रानी करेंगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी जनसभा को भी संबोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था का निर्माण और ग्रामीण समुदायों में नवाचार को बढ़ावा देना है।

*******************

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ की केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली अब पूरे देश में पूर्ण रूप से संचालित है। श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि इस प्रणाली के माध्यम से पेंशनभोगी देश में कहीं भी किसी भी बैंक से अपनी पेंशन का भुगतान तेजी से और बिना किसी परेशानी के ले पाएंगे।

*******************

केंद्र सरकार ने डिजिटल वैयक्तिक डेटा संरक्षण नियम 2025 का मसौदा जारी कर दिया है। मसौदा नियमों में बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिए अभिभावकों की अनिवार्य और प्रमाणित सहमति लेने का प्रावधान किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इसे साझा करते हुए कहा कि मसौदा नियम परामर्श के लिए खुले हैं।

*******************

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के निर्देश पर गुमला जिले में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है।

*******************

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि उनका मंत्रालय इस वर्ष गांवों को गरीबी–मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने राष्ट्र निर्माण में गांवों की भूमिका का उल्लेख किया।

श्री चौहान ने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड 45 लाख मकान बनाए गए हैं।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में कड़ाके की ठंड का सिलसिला जारी है। लगातार तीसरे दिन कई जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों पर हो रही बर्फवारी और वहां से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण राज्य में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है।

*******************

हॉकी इंडिया लीग में कल रात राउरकेला में तमिलनाडू ड्रैगन्स ने वेदांता कलिंगा लांसर्स को शूटआउट में हरा दिया। ड्रैगन्स ने दो बार पिछड़ने के बावजूद निर्धारित समय में स्कोर 2–2 से बराबर कर लिया और शूटआउट में वेदांता को 6–5 से हराकर एक महत्वपूर्ण बोनस अंक हासिल किया।

*******************

इधर, रांची में 12 जनवरी से शुरु होने वाले महिला हॉकी इंडिया लीग की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी है। लीग में चार टीमों के बीच मुकाबला होगा। इनमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिसा वरियर्स, बंगाल टाईगर्स और सूरमा हॉकी क्लब शामिल हैं। लीग में झारखंड की छह महिला हॉकी खिलाड़ी भी शामिल होंगी। आज से टीमों का रांची पहुंचना शुरु हो जायेगा।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी मामले में सीआईडी द्वारा केस दर्ज करने और ईडी के समन की अवहेलना मामले में झारखंड हाईकोर्ट द्वारा मुख्यमंत्री से जवाब तलब करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– सीजीएल परीक्षा: सीआईडी में दो केस दर्ज, एसआईटी गठित।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पेपरलीक आरोप की जांच को सीआईडी ने किया केस।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– घने कोहरे से दृश्यता घटी, हवाई यातायात हुआ प्रभावित।

दैनिक भास्कर लिखता है– सीएम हेमंत सोरेन को जवाब देने के लिए चार हफ्ते का मिला समय।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– पीएलएफआई के तीन नक्सली गिरफ्तार।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने लद्दाख में दो नई काउंटी स्थापित करने वाली चीन की घोषणा का भारत के विरोध की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*******************